Quick Sarkari

HSSC · HARYANA STAFF SELECTION COMMISSION

HSSC to Release 8,000 New Posts & 14,000 Posts Exam Soon

Haryana Recruitment News · Chandigarh, 28 October 2026

The **Haryana Staff Selection Commission (HSSC)** has stepped up preparations for the **CET-based second-stage written exam for about 14,000 posts**, and will soon release an advertisement for about **8,000 new posts**, according to HSSC Chairman **Himmat Singh**. A commission team led by member Subhash Chandra has started inspecting exam centres in the Kalka–Pinjore area of Panchkula, and other districts will follow. This PDF contains the newspaper reports on this update.

COMMISSION **HSSC**	EXAM COMING UP **~14,000 Posts**	NEW ADVERTISEMENT **~8,000 Posts**
STAGE **Post-CET Written Exam**	CENTRE INSPECTION **27–28 Oct 2026**	OFFICIAL WEBSITE **hssc.gov.in**

KEEP IN MIND

Exam dates, centres and new vacancy details will come only through HSSC's official notices.

Post-wise numbers, eligibility, age limit and last date will be clear once the advertisement is released · Beware of anyone asking for money in the name of jobs.

Follow on **WhatsApp Channel**

Join on **Telegram Channel**

www.quicksarkari.com

HSSC जल्दी जारी करेगा 8,000 नए पदों का विज्ञापन, 14000 पदों की भर्ती परीक्षा की तैयारियां तेज : हिम्मत सिंह

आयोग की कमेटी ने पंचकूला जिले में परीक्षा केंद्रों की तैयारियां का लिया जायजा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों का इंपैक्ट

डॉ. सुरेंद्र धीमान / सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 28 अक्तूबर : हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (HSSC) ने लगभग 14000 पदों की भर्ती परीक्षा की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके अलावा आयोग जल्द ही लगभग 8000 पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन जल्द जारी करेगा। यह जानकारी आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने बुधवार को जारी बयान में दी। दैनिक सवेरा में लगातार भर्ती से संबंधित प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों का असर साफ दिखाई देने लगा है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद आयोग ने एक कमेटी गठित की थी, जिसने 27-28 अक्तूबर, 2026 को पंचकूला जिले में परीक्षा केंद्रों का जायजा लेकर रिपोर्ट देने को कहा था। कमेटी ने इन परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। उसके बाद आयोग ने घोषणा की कि सीईटी के बाद पदों की भर्ती के लिए होने वाली आगामी लिखित परीक्षा आयोजित कराने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं और इसी कड़ी में परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया। चेयरमैन हिम्मत सिंह ने कहा कि भर्ती एवं परीक्षा प्रक्रिया को निर्धारित नियमों के अनुसार HSSC व्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके निर्देश पर लिखित परीक्षा के आयोजन की तैयारियों लिए आयोग के सदस्य सुभाष चंद्र ने कमेटी के साथ पंचकूला जिले के कालका-पिंजौर क्षेत्र में परीक्षा केंद्रों का दौरा कर वहां उपलब्ध सुविधाओं और आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

हिम्मत सिंह, चेयरमैन।

पंचकूला के अतिरिक्त अन्य जिलों में भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण होगा : हिम्मत सिंह

HSSC के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने जारी बयान में कहा कि परीक्षा केंद्रों के निरीक्ष का मकसद उपलब्ध सुविधाओं का आकलन करना और परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जरूरी व्यवस्थाओं की समीक्षा करना है ताकि भ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि पंचकूला जिले के अतिरिक्त अन्य जिलों में भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के बाद संबंधित कमेटी द्वारा रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसी रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कदम उठाते हुए परीक्षा आयोजन की आगामी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि परीक्षा से पहले सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें। चेयरमैन ने कहा कि HSSC की तरफ से आगामी प्रक्रिया से संबंधित जानकारी समय-समय पर आधिकारिक माध्यमों से साझा की जाएगी। इसलिए भर्ती एवं परीक्षा से संबंधित आधिकारिक सूचनाओं पर नजर रखें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें।

Quick Sarkari

हरियाणा में जल्द निकलेंगी आठ हजार नई नौकरियां

प्रदेश में 14 हजार पदों पर भर्ती परीक्षा की तैयारी तेज

राज्य ब्यूरो, जागरण • चंडीगढ़ : हरियाणा में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी दो अहम जानकारियां सामने आई हैं। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग करीब 14 हजार पदों पर भर्ती के लिए सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) के दूसरे चरण की तैयारियां तेज कर रहा है। साथ ही करीब आठ हजार नए पदों पर भर्ती का विज्ञापन भी जल्द जारी करने की तैयारी है। हालांकि, नई भर्तियों के आवेदन की तारीख, पदों का वर्गवार विवरण व परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा अभी बाकी है।

हिम्मत सिंह
• इंटरनेट

आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह के निर्देश पर दूसरे चरण की परीक्षा के लिए प्रदेश में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण शुरू कर दिया गया है। आयोग के सदस्य सुभाष चंद्र ने टीम संग पंचकूला के कालका-पिंजौर क्षेत्र में परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। सरकारी भर्ती की तैयारी कर रहे युवा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर नजर रखें। आयोग की वेबसाइट हरियाणा

कर्मचारी चयन आयोग ने दूसरे चरण की परीक्षा के लिए केंद्रों का निरीक्षण शुरू किया, कालका-पिंजौर में व्यवस्थाएं जांचीं

ध्यान रखने योग्य बातें

14 हजार पदों की परीक्षा के संबंध में : दूसरे चरण की परीक्षा की तारीख और केंद्रों से जुड़ी आधिकारिक सूचना का इंतजार करें।

नई भर्तियों के संबंध में : विज्ञापन जारी होने के बाद ही पदों की संख्या, योग्यता, आयु सीमा और आवेदन की अंतिम तारीख स्पष्ट होगी।

आवेदन शुल्क : आयोग के विज्ञापन संख्या 06/2026 के अंतर्गत समूह-ग के पदों के लिए आवेदन शुल्क नहीं रखा गया था। नई भर्तियों में शुल्क संबंधी शर्तें संबंधित विज्ञापन से जांचें।

फर्जीवाड़े से सावधान : आवेदन आधिकारिक माध्यम से करें। नौकरी के नाम पर पैसे मांगने वालों से बचें।

कर्मचारी चयन आयोग पर विज्ञापन, परीक्षा कार्यक्रम, प्रवेश पत्र व परिणाम संबंधी सूचनाएं दी जाती हैं। आधिकारिक सूचनाओं के आधार पर ही आवेदन व परीक्षा की तैयारी करें।

Quick Sarkari

Quick Sarkari

Thank You!

Thanks for downloading this HSSC recruitment update from QuickSarkari.com. For daily govt job updates, admit cards, answer keys, results and more free PDFs, stay connected with us.

Follow on
WhatsApp Channel

Join on
Telegram Channel

www.quicksarkari.com

All the best for your HSSC preparation!